>

Title: Need to rename porbandar airport as Kasturba Gandhi Airport.

श्री रमेशभाई एल . धडुक (पोरबंदर) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपका आभारी हूं । मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं । जैसा कि हम सब जानते हैं कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का आजादी की लड़ाई में बहुत बड़ा योगदान रहा है । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नाम से पोरबंदर का नाम सारे विश्व में प्रसिद्ध हुआ है । हम सब जानते हैं कि गांधी जी की पत्नी का नाम कस्तूरबा गांधी था । उनका जन्म पोरबंदर में हुआ था । कस्तूरबा गांधी ने महात्मा गांधी जी की आजादी की लड़ाई में और देश सेवा में सदैव गांधी जी का साथ निभाया और पूरा सहयोग देकर पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया ।

वर्ष 1913 में दक्षिण अफ्रीका में कानून बना, जिसके अनुसार मुसलमान, पारसी और अनेक लोगों का विवाह गैरकानूनी ठहराया, जो हिन्दुस्तान की जनता के लिए घोर अन्याय था । इस वक्त कस्तूरबा ने गांधी जी के साथ मिलकर इस कानून के खिलाफ महिलाओं के सम्मान के लिए अफ्रीका सरकार के सामने बहुत बड़ा सत्याग्रह किया । इस सत्याग्रह के कारण दक्षिण अफ्रीका की सरकार को वह कानून हटाना पड़ा । वर्ष 1922 में पूज्य बापू को गिरफ्तार किया गया और उन्हें छः साल की सज़ा हुई । इस समय कस्तूरबा वीरांगना के स्वरूप में उन्हें जाना जाता है । वर्ष 1930 के नमक सत्याग्रह में भी उनका अमूल्य योगदान रहा है । बहुत सारे किस्से हैं, जहां पर कस्तूरबा का राष्ट्रपिता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की आजादी में महिलाओं के सम्मान, सशक्तीकरण और शिक्षा के लिए बहुत बड़ा योगदान रहा है । अपने स्वास्थ की चिंता किए बिना अपने जीवन को देश को समर्पित किया है ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा यह मानना है कि गांधी जी को महात्मा बनाने में कस्तूरबा की बहुत बड़ी भूमिका रही है । इस बहुमूल्य व्यक्ति को देश कभी

भूल नहीं पायेगा । इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से विनती करता हूं कि पोरबन्दर हवाई अड्डे के नाम को कस्तूरबा गांधी हवाई अड्डा का नाम दिया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों में इस मातृ स्वरूप कस्तूरबा गांधी की अमर स्मृति कायम रहे ।

माननीय अध्यक्ष: डॉ. किरिट पी. सोलंकी, श्री उदय प्रताप सिंह, श्री नारणभाई काछड़िया, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री गोपाल शेट्टी को श्री रमेशभाई लवजीभाई धडुक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।